Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

ZEE QUIZ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की सत्ता में नौ वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में ZEE News की ओर से दिनांक 30/05/2023 को एक Quiz प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा के साथ-साथ एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल, नौएडा के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा की ओर से होनहार प्रतिभागी रहीं - ग्यारहवीं 'स' की जिया कपूर और दसवीं 'स' की नंदिनी झा। दोनों ही छात्राओं ने सूझबूझ, पारस्परिक सहयोग एवं अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय देते हुए, शेष प्रतिभागियों को काँटे की टक्कर दी और विजयी टीम के रूप में उभरकर सामने आईं। ZEE News के सी0ई0ओ0 श्रीअभय ओझा जी से प्रथम पुरस्कार के रूप में 25000 रुपए तथा ट्रॉफी पाकर दोनों छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया।

यह कार्यक्रम इतना रोमांचक रहा कि इसका प्रसारण ZEE News पर उसी दिन अर्थात दिनांक 30/05/2023 को ही रात्रि 10:00 बजे किया गया।

इनकी जीत को विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा प्रभाकर जी ने भी खूब सराहा तथा दोनों छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का लिंक https://twitter.com/i/broadcasts/1nAJErZaBAZxL?t=40m59s

बुलंदियों पर बाल भारती

जीत की खुशी

काँटे की टक्कर

विवेकशील अभिव्यक्ति

प्रतिवेदन प्रस्तुति –
कोमल मैंदीरत्ता
उमेश कुमारी